हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 25.8 डिग्री
न्यूनतम 5.4 डिग्री

11 मॉडल टाउन में 2.7 करोड़ से विकास कार्य शुरू

12 एमडीयू हिंसा मामले में दो आरोपी गिरफ्तार


## खबर संक्षेप

### एमएड व एमएड स्पेशल की परीक्षाएं 27 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की एमएड एवं एमएड स्पेशल एजुकेशन की थ्योरी परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। एमएड /एमएड स्पेशल एजुकेशन तृतीय सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) की परीक्षाएं 27 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षाओं की विस्तृत डेट शीट एमडीयू की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### 29 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर 29 शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं- रितु देवी (भौतिकी), संजू एवं सुनिष्ठा (फार्मास्यूटिकल साइंसेज), रश्मि सिंधु (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), दीपा आहूजा, तमन्ना, भावना पटेल, प्रीति, रचना चोपड़ा और अजय कुमार कपूर (प्रबंधन विज्ञान), रुचि चौहान (होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट), मोहित सैनी (वाणिज्य), गौरव (राजनीति विज्ञान), सोनिया कुमारी एवं प्रियंका (भूगोल), संजय (समाजशास्त्र), सोनी (अर्थशास्त्र), अंजली कादियान (अंग्रेज़ी), रोहित कुमार (संगीत), ममता रानी एवं रिचा (संस्कृत), जितेंद्र शर्मा (हिंदी), हर्षा गोयल, भारत और अंकित (विधि), प्रवीन कुमारी, सपना यादव एवं गीतिका (शिक्षा) तथा वर्षा चौहान (माइक्रोबायोलॉजी) शामिल हैं।

### नगर पालिका महम की बैठक आज

**महम।** शुक्रवार सुबह 11 बजे महम नगर पालिका की एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता महम नगर पालिका प्रधान भारती पंवार करेंगी। बैठक में पशु अस्पताल के साथ लगती नगर पालिका की जमीन में दुकानें बनाने, सुभाष पार्क के तालाब की सफाई करवाने, सुभाष पार्क के साथ लगती तालाब वाली जगह को पार्क के रख रखाव के साथ शामिल करने बारे व सरकार की हिदायतों के मुताबिक डॉग स्लाटर बनवाने आदि एजेंडे शामिल किए गए हैं। बैठक में पिछली मीटिंग की पुष्टी की जाएगी और अन्य प्रस्ताव भी प्रधान की अनुमति से पास किए जा सकते हैं। बैठक में पार्षदों के अलावा लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और विधायक बलराम दांगी को भी पत्र लिखकर बैठक में आमंत्रित किया गया है।

# एसआईआर पर जनता को गुमराह कर रहा विपक्ष : कैप्टन अभिमन्यु

## ■ पूर्व वित्तमंत्री का कार्यकर्ताओं ने बहुअकबरपुर में पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु बृहस्पतिवार को बहुअकबरपुर के खाटू श्याम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों एवं राष्ट्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पगड़ी पहनाकर, फूल-मालाएं भेंटकर तथा जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। कैप्टन अभिमन्यु ने अपने संबोधन में नव-नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर विपक्ष देश की जनता को गुमराह कर रहा है।

**नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा**



रोहतक। बहुअकबरपुर में पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### कार्यकर्ता विपक्ष के भ्रामक आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब दें : कैप्टन

उन्होंने एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा की जा रही गलत, भ्रामक एवं तथ्यहीन टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सत्य, पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ी रही है और कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे विपक्ष के झूठे प्रचार का सच्चाई व तथ्यों के साथ जवाब दें। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि कैप्टन अभिमन्यु का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों, सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाएं।

### कैप्टन ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया

पूर्व वित्तमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है वह लोगों की समस्याओं का समाधान करवाए। जिला सह मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि कैप्टन अभिमन्यु का यह दौरा कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने वाला रहा। इस अवसर पर प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, देवराज सांपला, देवेन्द्र, सतबीर राठी, देवेन्द्र राठी, देवेन्द्र अहलावत, जसबीर राठी, अनिल राठी, ललिता शर्मा, इन्द्रमोहन, संजय वर्मा, संदीप राठी, सोनू सिंघल, सोनू गोच्छी, रविन्द्र बल्हारा, राजबीर आर्य, जस्सू राठी, सतीश हुड्डा, शीशपाल, आशीष चहल, अमन जागलान, भूपेन्द्र ढुल, मोनू सुहान एवं सन्नी सुहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करीब 16 एकड़ जमीन जन स्वास्थ्य विभाग को होगी ट्रांसफर, एक लाख से ज्यादा आबादी को होगा फायदा

# रोहतक अब नहीं रहेगा प्यासा, तिलयार में बनेगा नया जलघर, सीएम ने दी हरी झंडी

विजय अहलावत ⏭ रोहतक

शहर को नया जलघर मिलने की उम्मीद बंध गई है। विधानसभा में बृहस्पतिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रस्ताव को हरी झंडी दी। उन्होंने कहा कि तिलयार झील पर जलघर के निर्माण के संबंध में नगर निगम की 16 एकड़ भूमि है, जिसे विभाग को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, सोनीपत सड़क पर एक पम्प खराब है, उसकी क्षमता बढ़ाई जा रही है, उस पंप को दुरुस्त किया जा रहा है।

### पर्याप्त पेयजल मिलेगा : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोहतक क्षेत्र में पानी की कमी नहीं आने दी जाएगी, इसके लिए सरकार काम कर रही है। इसके बाद जल्द ही जन स्वास्थ्य विभाग जलघर बनाने के लिए काम शुरू कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक को पर्याप्त पेयजल पहुंचाने की सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में रोहतक में भी हर घर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री वीरवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधायक भारत भूषण बत्रा द्वारा शहर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के संबंध में पूछे प्रश्न पर जवाब दे रहे थे।

जलघर बनने पर एक लाख आबादी को पर्याप्त जल मिल सकेगा। अभी तक शहर में केवल तीन जलघर ही हैं। विधायक भारत भूषण बत्रा ने विधानसभा में रोहतक के पेयजल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह मूलभूत सुविधाओं से जुड़ा हुआ मामला है , इसके स्थाई समाधान की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी सदन में विधायक भारत भूषण बत्रा की मांग का समर्थन किया।

### विस में उठा मुद्दा

■ विस के शीतकालीन सत्र में विधायक ने उठाया मामला

■ अभी शहर में केवल तीन जलघर ही संचालित

■ विभाग ने अप्रैल में प्रस्ताव पास कर भेजा था मुख्यालय



### आवश्यकता से कम मिल रहा पानी

शीतकालीन सत्र की शुरुआत में ही बृहस्पतिवार को शहर विधायक बत्रा ने रोहतक की पेयजल समस्या का मुद्दा उठाते हुए सदन का ध्यान आकर्षित किया। बत्रा ने कहा पीने के पानी के लिए नहर का पानी जरूर उपलब्ध करवाना चाहिए। अभी 40 दिन में नहर आने की बारी है, इसमें नहर सिर्फ 24 दिन आती है। 16 दिन शहर में पानी नहीं होता है, यह एक बड़ी समस्या है। बत्रा ने कहा 16 दिन की राशनिंग करके जो स्टोरेज कैपेसिटी है वो 8 दिन की बचती है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग और नगर निगम मिलकर दोनों इसे सुधारें। शहर में सारी पाइप लाइन पुरानी डली हुई है, अधिकांश जगह इनकी हालत खराब है, विभाग के मंत्री बताएं कि यह पाइप कब तक बदली जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने तिलियार पर्यटन केंद्र की करीब 16 एकड़ जमीन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को स्थानांतरण करने के बारे में भी पूछा।

### नगर निगम ने तैयार की थी योजना

जन स्वास्थ्य विभाग कई साल से नया जलघर बनवाने के लिए योजना तैयार कर रहा है। तत्कालीन डीसी धीरेंद्र खड़गटा से विचार विमर्श के बाद विभाग ने तिलयार झील स्थित नगर निगम की सरकारी जगह को जलघर के लिए फाइनल किया। इसके बाद प्रस्ताव तैयार कर जन स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय को भेजा गया। तभी से विभाग के अधिकारियों को सीएम से हरी झंडी मिलने का इंतजार था। अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद यह जमीन उनके विभाग के पास स्थानांतरित हो जाएगी और इस पर काम शुरू किया जाएगा।

### तीन जलघरों से सप्लाई

**सोनीपत स्टैंड स्थित जलघर एक**

निर्माण : 1931
क्षमता 27.24 एमएलडी
बूस्टिंग स्टेशन
जुलाहा वाला चौक
गोहाना अड्डा
डेयरी पाना
प्रेम नगर चौक

**झज्जर रोड जलघर दो**

निर्माण : 1981
क्षमता 47.24 एमएलडी
बूस्टिंग स्टेशन
सीनियर सेकेंडरी स्कूल
ओल्ड आईटीआई
शुगर मिल
पुराना बस स्टैंड
इंदिरा कॉलोनी

**सोनीपत रोड स्थित जलघर नंबर तीन**

निर्माण : 2009
क्षमता 18.16 एमएलडी
बूस्टिंग स्टेशन
रेवेन्यू कॉलोनी
जल घरों के लिए पानी का स्त्रोत्र
भालौठ सब डिवीजन नहर, जवाहर लाल नेहरू नहर

**शहर में प्रतिदिन 6.5 करोड़ लीटर की सप्लाई**

करीब साढ़े पांच लाख की आबादी के लिए तीन जलघर से शहर को 6.5 करोड़ लीटर पानी प्रतिदिन सप्लाई किया जा रहा है।

### बच्चियों से दरिंदगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** तीन नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। जिला रोहतक पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना सदर के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई थी, जिसके आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि थाना सदर क्षेत्र स्थित एक स्कूल में पोक्सो एक्ट 2012 के तहत जागरूकता अभियान के दौरान यह मामला उजागर हुआ। इसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा तीनों पीड़ित बच्चियों की काउंसलिंग की गई और जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने पुलिस को औपचारिक शिकायत सौंपी। मामले की जांच महिला उप निरीक्षक विजेता द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान पीड़िताओं की मेडिकल जांच करवाई गई तथा काउंसलिंग भी करवाई गई।

### जीएसटी चोरी पर आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**रोहतक।** केंद्रीय जीएसटी आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों द्वारा मेसर्स कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड, एम-15, डी-2 और डी-3, औद्योगिक क्षेत्र सोनीपत के खिलाफ जांच की गई। तलाशी के दौरान आयकर संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए, जिनसे लगभग 118.49 करोड़ रुपये मूल्य के औषधीय सामानों को अवैध तरीके से बेचने के संकेत मिलता है, जिसमें लगभग 21.30 करोड़ रुपये का जीएसटी शामिल है। जांच में पाया गया कि कंपनी के प्रमोटर पावेल गर्ग, अपनी कंपनी मेसर्स कॉम्बिटिक ग्लोबल कैपलेट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सामानों को अवैध तरीके से बेचने के इस रैकेट के मास्टरमाइंड थे। यह भी पता चला कि पावेल गर्ग ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 132 के तहत अपराध किया है, जो अधिनियम के तहत दंडनीय है। पावेल गर्ग द्वारा किए गए अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती हैं। उन्हें गिरफ्तार कर सोनीपत के ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**पहल** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने तैयार किया खाका

# गांवों के स्कूल में बनेंगे स्ट्रीट डॉग्स के शेल्टर होम

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक


■ पंचायत सचिवालय, चौपाल और कम्युनिटी सेंटर में भी बनेंगे सेंटर

आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश जिला प्रशासन के लिए गले की फांस बन गया है। प्रशासन सभी 142 पंचायतों में वहां शेल्टर बनाने जा रहा है, जहां पर लोगों की दिनभर आवाजाही होती है। शेल्टर पंचायत सचिवालय, स्कूल, कम्यूनिटी सेंटर, चौपाल में ही बनेंगे।

### मसौदा तैयार

इसका पूरा मसौदा तैयार है। यहां तक भी तय हो चुका है कि कौन से गांव में किस सार्वजनिक भवन में कुत्तों के लिए शेल्टर बनेगा। काफी दिनों तक मशक्कत करने के बाद प्रशासन ने शेल्टरों के लिए स्थान तय किए गए हैं। सार्वजनिक भवनों की बजाय अलग से बाडबंदी वगैरह करके शेल्टर बनाए जा सकते थे। इस कार्य पर कोई बड़ा बजट खर्च करने की जरूरत भी नहीं थी। यहां ये भी ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने गत नवंबर में सख्त आदेश दिए हैं कि सभी राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश हाईवे, सड़कें, स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड और खेल परिसरों जैसे सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों और मवेशियों को तुरंत हटाएं।

उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद शेल्टर होम में भेजें, और उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ें; साथ ही कोर्ट ने अधिकारियों को इन परिसरों को सुरक्षित करने और राष्ट्रीय नीति बनाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि कुत्ते के काटने की घटनाओं को रोका जा सके। जहां पर रोहतक प्रशासन शेल्टर बनाने जा रहा है, वे सार्वजनिक स्थल ही तो हैं। फर्क बस इतना है कि यहां कुत्ते बाड़बंदी में रहेंगे। खुदा न खास्ता अगर शेल्टर से कुत्ते भाग निकल जाएं तो कोई भी अप्रिय घटना भी घट सकती है।



### बेसहारा पशु भी बन रहे हादसों का कारण

■ धुंध के कारण बढ़ रहा हादसों का डर

आवारा पशुओं की वजह से आए दिन सड़कों पर बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। इनको रोकने की वजह से तकरीबन एक दशक से सरकार कह रही है कि सड़कों को बेसहारा पशु मुक्त कर दिया जाएगा। लेकिन आज तक ये हुआ नहीं। आए दिन पहले की तरह ही दुर्घटनाओं में लोग जान गंवा रहे हैं। कोई भी रोड ऐसा नहीं होगा, जिस पर रात में पशु बैठे ना मिले। गर्मी के मौसम में तो इनकी संख्या में काफी बढ़ोतरी हो जाती है। इस कारण है कि सड़क पर सफाई होती है और वाहनों की आवाजाही से पशुओं को हवा भी लगती है। जिससे मच्छर और दूसरी कीट पंतगे पशुओं को काट नहीं पाते हैं। अब सरकार स्ट्रे डॉग के लिए शेल्टर बनाने पर पूरी ताकत दिखा रही है, कहीं इन शेल्टर का हाल भी सड़क पशु हटाने जैसा ही न हो जाए।

### सभी खंडों में कमेटियां गठित : राजपाल



जिले के सभी पांचों खंडों में कुत्तों की निगरानी के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की अध्यक्षता में कमेटियां गठित कर दी गई हैं। जहां पर शेल्टर बनने हैं, वे स्थान भी चिन्हित कर लिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जिस प्रकार के आदेशों को कुत्तों को लेकर दिए हैं, उनके मुताबिक सभी काम तय समय में पूरे करा दिए जाएंगे।
-राजपाल चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी

### विरोध किया तो होगी कार्रवाई

जब कुत्तों को शेल्टर में छोड़ने का काम शुरू होगा तो कोई इसका विरोध न कर सकता। इस बारे में बकायदा सुप्रीम कोर्ट ने गाइडलाइन जारी की हुई हैं। अगर कोई विरोध करेगा तो उसके खिलाफ कोर्ट अवमानना केस प्रशासन दर्ज करा देगा। कई बार कोई व्यक्ति या संगठन कुत्तों के पकड़ने का विरोध करता है। जिससे प्रशासनिक कार्य बाधित होता है। ध्यान रहे कि अवमानना साबित होने पर जेल-जुर्माना तक होता है। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी और टॉस्क फोर्स की निगरानी में ही कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में छोड़ा जाएगा।

### प्रतिनिधियों को ड्यूटी को लेकर कराया अवगत

शेल्टर निर्माण के अलावा स्ट्रे डॉग की निगरानी के लिए पंचायत विभाग ने खंड स्तरीय कमेटी भी गठित कर दी हैं। इस छह सदस्यीय कमेटी का चेयरमैन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को बनाया गया है। जबकि समिति में बतौर सदस्य एनएचआई, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग,पुलिस और मार्केट बोर्ड के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। इन प्रतिनिधियों ने कैसे-कैसे ड्यूटी करनी हैं, इस बारे अवगत करा दिया गया है।

# वाहन की टक्कर से ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त

## ■ बिजली उपकरण से तेल का रिसाव, डरे लोग

**रोहतक।** खोखराकोट शिकायत केंद्र, उप-मंडल नंबर 3 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बिजली ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के चलते ट्रांसफॉर्मर से तेल का रिसाव शुरू हो गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

क्षेत्र प्रभारी एवं जूनियर इंजीनियर संदीप ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर को अज्ञात वाहन द्वारा क्षति पहुंचाई गई थी। हादसे के बाद ट्रांसफॉर्मर के वाल्व की वेल्डिंग टूट जाने के कारण तेल का तेज रिसाव शुरू हो गया। निगम की टीम द्वारा तेल रिसाव को रोकने के कई प्रयास किए गए, लेकिन वाल्व पूरी तरह टूट जाने के कारण ट्रांसफॉर्मर का सारा तेल बाहर निकल गया, जिससे उसे तत्काल रूप से चालू रखना संभव नहीं रह गया।



### आरोपी के खिलाफ बिजली निगम ने केस दर्ज करवाया

स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की गई। प्रभावित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को दूसरे ट्रांसफॉर्मर पर लोड शिफ्ट कर बहाल कर दिया गया, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक समय तक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इस मामले की जानकारी उप-मंडल अधिकारी के माध्यम से शहरी एस्टेट थाना प्रभारी को दे दी गई है। अज्ञात वाहन द्वारा ट्रांसफॉर्मर को क्षति पहुंचाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि दोषी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

# प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

### सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो कोई ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।



### कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



### सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

### अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लीन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खुद को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।

### अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते है। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।



बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

## क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमा:** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

### लगाते हैं क्रिसमस ट्री

नीदरलैंड्स में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने



हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां ये फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।

**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां




प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब:** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक:** ताजिमा शिंजी, **हिंदी अनुवाद:** हरीश नारंग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें

1. आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2. पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते


3. चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

## जीके क्विज-184

1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

## क्रिसमस की खुशियां



एआई इमेज

शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रुई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



उत्तर: 1.सांता क्लॉज की बाईं आंख बंद है। [illegible]

## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



## खबर संक्षेप

### एमडीयू में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 11 जनवरी से

रोहतक। एमडीयू में सत्र 2025-26 के दौरान नॉर्थ जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसमें एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज से संबद्ध नॉर्थ ज़ोन की विभिन्न विश्वविद्यालयों की महिला क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। खेल निदेशक एवं एमडीयू खेल परिषद सचिव डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि इस टूर्नामेंट से पहले 10 जनवरी 2026 को दोपहर 3 बजे टीम प्रबंधकों की बैठक तथा टीमों का पंजीकरण किया जाएगा।

### एसपी ने ली अधिकारियों की आवश्यक बैठक

रोहतक। एसपी ने बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में डीएसपी मुख्यालय रवि खुंडिया, डीएसपी सांपला राकेश, डीएसपी शहर गुलाब, डीएसपी महम ऋषभ सोढी सहित सभी थाना-चौकी प्रभारी, सीआईए स्टाफ प्रभारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी ने निर्देश दिए कि थाना व चौकी में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाए और 14 दिन के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

### अभिषेक नैन ने गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीता

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की लेखा शाखा में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अभिषेक नैन ने पाटलिपुत्र बिहार में 13 से 15 दिसंबर तक कर्मचारियों के लिए आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज स्पोर्ट्स मीट 2025.-26 में 10 किलोमीटर रेस में गोल्ड मेडल और 5 किलोमीटर में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। अभिषेक की इस उपलब्धि पर गुरुवार को लेखा शाखा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि अभिषेक का यह अवार्ड विश्वविद्यालय ही नहीं प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है। स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुडे होने के बावजूद इतनी मेहनत कर यह अवार्ड प्राप्त करना सराहनीय कार्य है।



### छात्राओं को मिला करियर का जीवंत अनुभव

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्टार्टअप डेफेटेरिया में पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जुलाना की छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को स्टार्टअप संस्कृति के साथ-साथ फूड, हॉस्पिटैलिटी और सेवा उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा इन क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं की व्यावहारिक जानकारी देना रहा। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के फैकल्टी सदस्यों एवं शोधार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। डॉ. संजीव ने हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उभरते न्यू-एज करियर, वैश्विक मांग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की।

छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

## पठानिया स्कूल के विद्यार्थियों ने शेरगढ़ फार्म में बिताया दिन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल द्वारा को कक्षा नर्सरी से पहली तक के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक व मनोरंजक ट्रिप का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को मदीना स्थित शेरगढ़ फार्म ले जाया गया। बच्चे सुबह 10 बजे स्कूल प्रांगण से बसों द्वारा रवाना हुए। ट्रिप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और वे बसों में अंताक्षरी खेलते हुए, नाचते-गाते खुशी-खुशी गंतव्य पर पहुंचे। शेरगढ़ फार्म पहुंचकर विद्यार्थियों ने अपनी अध्यापिकाओं रश्मि, एकता, सुचिता, नीरज, हरलीन, वीणा, रीतू, आरती व रेनू की देखरेख में भरपूर आनंद लिया। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल, झूले, कठपुतली नृत्य, जादूगर का खेल और ऊंट की सवारी विशेष आकर्षण रहे। इसके साथ-साथ बच्चों ने वहां तैयार किए जाने वाले प्रदेशीय व्यंजनों का भी स्वाद चखा।

# कोहरे ने रोहतक को किया बेहाल, दृश्यता घटी, रेल और सड़क यातायात प्रभावित होने से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। वीरवार को घने कोहरे की वजह से पूरा शहर धुंध की चादर में ढका नजर आया। सुबह से ही हालात ऐसे बने रहे कि आम जनजीवन प्रभावित हो गया। शहर के भीतर दृश्यता घटकर करीब 40 मीटर तक रह गई, जबकि बाहरी इलाकों में यह और कम होकर लगभग 20 मीटर तक सिमट गई। सीमित दृश्यता के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी और अधिकांश लोग बेहद धीमी रफ्तार से वाहन चलाने को मजबूर रहे।

कोहरे का असर रेल यातायात पर भी साफ दिखाई दिया। रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। ठंड और कोहरे से बचने के लिए यात्री गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। यात्रियों का कहना है कि सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों की गति कम रखी गई, जिस कारण देरी हुई। दिनभर मौसम में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। दोपहर करीब एक बजे कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन वह कोहरे को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकी। धूप निकलने के बावजूद ठंड का असर बना रहा। इस दौरान चल रही हल्की हवा ने ठिठुरन को और बढ़ा दिया।



रोहतक। गुरुवार को रोहतक में छाई धुंध। फोटो : हरिभूमि

### कोहरे में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

घने कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से फॉग लाइट का प्रयोग करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को सुबह के समय घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी सुबह और देर रात घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने और मौसम से जुड़ी दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

जिला रेडक्रॉस समिति अपनी गतिविधियां बढ़ाए : डीसी

# गृह नर्सिंग के प्रशिक्षण के लिए युवाओं को करें प्रोत्साहित

वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत विद्यार्थियों को गृह नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाए




रोहतक। लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों की समीक्षा की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रधान सचिन गुप्ता ने समिति की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाये। रक्तदान शिविरों की संख्या में बढ़ोतरी की जाये। युवाओं को रोजगारोन्मुखी गृह नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाये। सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं सीपीआर का प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की जाये। गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर रक्तदान शिविरों की संख्या बढ़ाई जाये। समिति द्वारा अप्रैल से नवंबर 2025 तक 238 रक्तदान शिविर आयोजित कर 12500 यूनिट रक्त एकत्रित किया है। वर्ष 2025-26 के लिए 400 रक्तदान शिविर आयोजित करने व 25 हजार यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत विश्वविद्यालय तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को गृह नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाये ताकि उनके लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल तथा पीजीआई से तालमेल कर गृह नर्सिंग का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को आवश्यकता अनुसार रोजगार भी दिलवाया जाये। उन्होंने कहा कि गृह नर्सिंग के प्रशिक्षण के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए चिन्हित स्थानों पर पंपलेट लगवाये जाये। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा 250 दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किये गए है।सचिन गुप्ता ने कहा कि समिति द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच के लिए भी गांव स्तर पर शिविर लगाये जाये। सर्वप्रथम बनियानी गांव में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के रक्तचाप तथा शुगर इत्यादि की जांच करवाई जाये। समिति के सचिव विकास, जिला प्रशिक्षण प्रभारी रविदत्त, टीआई प्रोजेक्ट मैनेजर प्रीति व अन्य संबंधित अधिकारी मीटिंग में मौजूद रहे।

### प्रवासी ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जांच करवाई

डीसी ने बताया कि समिति द्वारा टीआई प्रोजेक्ट के तहत अप्रैल से नवंबर 2025 तक 10781 प्रवासी ट्रक चालकों के स्वास्थ्य की जांच करवाई गई तथा 321 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि समिति द्वारा प्राथमिक चिकित्सा के लिए स्कूलों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों इत्यादि में शिविर आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाये। इन संस्थानों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाये तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया जाये। विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, प्राकृतिक आपदा व सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया जाये। समिति द्वारा अप्रैल से नवंबर 2025 तक 14005 व्यक्तियों को बेसिक एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, 2040 व्यक्तियों को व्यावसायिक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, 791 व्यक्तियों को औद्योगिक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण तथा 1270 व्यक्तियों को सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया है।




### आईबी स्कूल में नशा मुक्ति टीम ने किया जागरूक

रोहतक। नशा मुक्ति टीम द्वारा आईबी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे के दुष्परिणाम एवं यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप निरीक्षक अमर व सहायक उप निरीक्षक मोहन ने बताया कि नशा विशेष रूप से 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में तेजी से फैल रहा है। नशीली दवाइयों, ड्रग्स और अन्य मादक पदार्थों की लत युवाओं को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाती है तथा अपराधों को जन्म देती है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। नशा छोड़ने के इच्छुक लोगों को डॉक्टरों की काउंसलिंग और पीजीआईएमएस नशा मुक्ति केंद्र की सहायता से इलाज उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। महिला सुरक्षा को लेकर बताया गया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है तथा दुर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं साइबर अपराध से बचाव के लिए 1930 हेल्पलाइन और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। साथ ही नशा बेचने वालों की सूचना डायल 112 पर देने की अपील की गई।

### शूटिंग चैंपियनशिप में रोहतक की कनक छाई

रोहतक। दिल्ली में 11 से 18 दिसंबर तक आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में रोहतक की होनहार निशानेबाज कनक बुधवार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बालिकाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभाशाली महिला निशानेबाजों ने भाग लिया, जिनके बीच कनक ने अपनी सटीक निशानेबाजी और आत्मविश्वास से खास पहचान बनाई। कनक बुधवार इससे पहले भी जूनियर वर्ग में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन के कारण वह उभरती हुई प्रतिभा के रूप में जानी जा रही हैं। कनक अभिनंदन शूटिंग अकादमी, रोहतक की खिलाड़ी हैं, जहां उन्हें अनुभवी कोच संदीप नेहरा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास का असर उनके खेल में साफ दिखाई दे रहा है।कनक की इस सफलता पर उनके पिता सुधीर बुधवार ने कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है।

## जीडी गोयनका स्कूल में लाइव स्क्रीनिंग का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष और यादगार अनुभव उस समय देखने को मिला, जब बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्तिक आर्यन और प्रसिद्ध अभिनेत्री अनन्या पांडे की लाइव स्क्रीनिंग का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह और रोमांच देखने को मिला। लाइव स्क्रीनिंग के दौरान विद्यार्थियों ने अपने चहेते सितारों को बड़े पर्दे पर देखा और उनसे जुड़े प्रेरणादायक संदेशों को सुना। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए अपने संघर्ष, सफलता और मेहनत के अनुभव साझा किए, जिससे छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिली। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर उत्सव जैसा माहौल रहा। छात्रों ने तालियों और खुशियों के साथ इस कार्यक्रम का आनंद लिया। स्कूल की डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण की सीख देते हैं। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने इस सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की सराहना की और कहा कि जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक और प्रेरणादायक अवसर प्रदान करता रहेगा।

## तनिष्क रोहतक के विशेष ग्राहक मिलन समारोह में ज्वेलरी के नवीनतम डिजाइनों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश के अग्रणी आभूषण ब्रांड तनिष्क द्वारा रोहतक स्थित शोरूम में ग्राहकों के लिए एक विशेष ग्राहक मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों के साथ आपसी विश्वास, जुड़ाव और दीर्घकालिक संबंधों को और अधिक मजबूत करना रहा। इस अवसर पर ग्राहकों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, आकर्षक गतिविधियाँ और इंटरैक्टिव सेशंस आयोजित किए गए, जिनमें सभी आयु वर्ग के ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे स्टोर में उत्साह, खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को तनिष्क की उत्कृष्ट सेवाओं, विश्वसनीयता और नवीनतम ज्वेलरी डिजाइनों से भी रूबरू कराया गया।



रोहतक। ग्राहक मिलन समारोह में खरीदारी करते ग्राहक।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध तथा कर्मचारियों की 14 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार पांचवें दिन प्रदर्शन किया गया। रोहतक स्थित राजीव गांधी विद्युत सदन और सांपला डिवीजन कार्यालय पर कर्मचारियों ने जोरदार विरोध जताया।

राजीव गांधी विद्युत सदन में उप महासचिव विजय हुड्डा ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी से बिजली कर्मचारियों की जान को जोखिम बढ़ा है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने सरकार तक सही तथ्य नहीं पहुंचाए। सब अर्बन यूनिट सचिव ओमवीर ने जोखिम भरे पदों पर तैनात कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस देने की फाइल के फाइनेंस विभाग में लंबित होने का मुद्दा उठाया। सांपला यूनिट सचिव प्रवेश कुमार ने कैशलेस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू न होने पर नाराजगी जताई।



रोहतक। विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथिसांसद श्याम सिंह यादव ।

## खेलों के लिए प्रतिभा के साथ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट शिक्षा भी जरूरी : श्याम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत में खेलों के समग्र और सतत विकास के लिए केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके साथ गुणवत्तापूर्ण और संरचित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। यह बात सांसद श्याम सिंह यादव ने भारतीय प्रबंधन संस्थान में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के सातवें बैच के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता के लिए मजबूत प्रशासन, पेशेवर प्रबंधन और नैतिक मूल्यों पर आधारित नेतृत्व बेहद जरूरी है।

श्याम सिंह यादव ने छात्रों से जीवनभर सीखने की प्रवृत्ति अपनाने, अनुशासन बनाए रखने और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

उन्होंने खेल प्रशासन में पूर्व खिलाड़ियों की सीमित भागीदारी, पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी और नौकरशाही अड़चनों जैसी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व खिलाड़ी और प्रशिक्षित मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स एक साथ आगे आएं तो भारतीय खेलों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के साथ देश के इकलौते आईआईएम द्वारा संचालित स्पोर्ट्स मैनेजमेंट डिप्लोमा के नए बैच की औपचारिक शुरुआत हुई। समारोह में संस्थान के निदेशक, फैकल्टी सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गोल मार्केट की दोनों तरफ की सड़क का निर्माण कार्य जारी

# मॉडल टाउन में 2.7 करोड़ से विकास कार्य शुरू : कंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम वार्ड नं 14 की निगम पार्षद कंचन खुराना ने नारियल फोड़कर कर एलेंटा मार्ट के सामने वाली सड़क का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से जनता को गड्ढों व बरसात में सड़क पर पानी खड़ा होने से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से लोगों में उत्साह देखने को मिल रही है। निगम के 8 माह के कार्यकाल में माडल टाउन में 2 करोड़ 7 लाख रुपए के विकास कार्य शुरू करवाए गए हैं। डी-पार्क का पुनर्निर्माण करवा कर जनता को समर्पित किया जा चुका है। कम्युनिटी सेंटर के सामने व प्रदीप रंजन वाली सड़कों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहां कि गोल मार्केट की दोनों तरफ की सड़क का निर्माण कार्य जारी है। पॉवर हाउस से लाल कुआं तक, बालाजी स्वीट्स वाली गली से लेकर कैलाश आश्रम तक, बारात घर वाली गली, दिगम्बर जैन मंदिर वाली सड़क तथा लक्की पार्क से गुफा वाला मन्दिर, गुरुद्वारा तक की सड़कों की टेंडर प्रकिया पूरी हो चुकी है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा।



रोहतक। वार्ड 14 में सड़क का शुभारंभ करतीं निगम पार्षद कंचन खुराना।

### इस अवसर पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ मंगल सैन मण्डल के अध्यक्ष अमित मग्गू, महामंत्री मुकेश टक्कर, शक्ति केंद्र प्रमुख सुभाष मल्होत्रा, सुरेंद्र यश, रोहतक के सिविल सर्जन डॉ रमेश कुमार, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आंनद स्वरूप अरोड़ा, महामंत्री जगबीर छिक्कारा, डॉ सतपाल चुघ, रूपाली मित्तल, डॉ सुरेंद्र पाल, सुमन बाला, राजबाला, डॉ पुरुषोत्तम चावला, पूनम वर्मा, कमलेश भाटिया, सुरेंद्र भाटिया, नरेश पाहवा, सरस्वती सपड़ा, ममता पाहवा, रेनू गर्ग, राजेंद्र वर्मा, नरेश मित्तल, अशोक गिरधर, परविंद्र मदान, वीणा मदान, सुनीता अरोड़ा, शशि चावला, डॉ सरिता, शशि वर्मा, नीरज वर्मा, भारत कपूर, अमित कुमार, सुमित कुमार, गोगी सरदार, गोविंद अरोड़ा, कश्मीरी लाल खुराना, गुलशन नारंग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादु-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
पं. तुषार शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

# चेतावनी : शहर में बेसहारा गोवंश खुले में छोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

## नगर निगम का अभियान जारी, सितंबर से अब तक 1200 से अधिक गोवंश पकड़े



रोहतक। बेसहारा गोवंश को पकड़ते नगर निगम की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को आवारा गोवंश मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बेसहारा गोवंश को पकड़ने का विशेष अभियान लगातार जारी है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम की टीमें दिन-रात सक्रिय रहकर शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से बेसहारा गोवंश को पकड़कर पहरावर स्थित नगर निगम की गौशाला में पहुंचा रही हैं। सितंबर 2025 से अब तक निगम क्षेत्र से 1200 से अधिक बेसहारा गोवंश को पकड़ा जा चुका है।

### दो विशेष टीमों का किया गठन

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इस अभियान के तहत दो विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो रात के समय भी बेसहारा गोवंश को पकड़ने का कार्य कर रही हैं। पकड़े गए सभी गोवंश की टैगिंग की जा रही है। टैग पर विशेष नंबर अंकित होता है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि गोवंश नगर निगम द्वारा पकड़ा गया है। इसके साथ ही गौशाला में सभी का पूरा रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है, ताकि निगरानी और पहचान में किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सितंबर माह में 582, अक्टूबर में 228, नवंबर में 253 और दिसंबर माह में अब तक 160 गोवंश को पकड़ा गया है। निगम खुले में गोवंश छोड़ने वाले लोगों पर लगातार जुर्माना भी लगा रहा है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह अभियान ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से शुरू किया गया है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### जुर्माना और कानूनी कार्रवाई का प्रावधान

डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोग जानबूझकर अपने गोवंश को खुले में छोड़ देते हैं और निगम की टीम द्वारा गोवंश पकड़े जाने पर झगड़ा करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की टीम द्वारा पकड़े गए गोवंश को बिना जुर्माना भरे वापस नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति कार्रवाई में बाधा डालता है या झगड़ा करता है तो उसके खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली बार गोवंश पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये, दूसरी बार 11 हजार रुपये और तीसरी बार जब्त करने के साथ 21 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### विपिन कुमार ने संभाला महम एसडीएम का पदभार

**महम।** एचसीएस अधिकारी विपिन कुमार ने वीरवार को एसडीएम महम के तौर पर अपना पदभार संभाल लिया है। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उनका महम पहुंचने पर स्वागत किया। पद ग्रहण करने के बाद उनको फूलों के गुलदस्ते भेंट दिए।उन्होंने सर्वप्रथम मौजूद अधिकारियों से परिचय किया और आपसी तालमेल से काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों एवं आमजन के बीच आपसी सामंजस्य एवं परस्पर संपर्क हमेशा बना रहना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि महम उपमंडल से जुड़े विभागों के कार्यों को तत्परता के साथ पूरे करवाना और नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

### शिविर में 36 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** अंबेड़कर चौक पर रक्तदान के शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता राष्ट्र देवो भवः मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह ने की। आज के मुख्य अतिथि सुलभ गुगनानी समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि विकास कुमार, सचिव रेड क्रॉस रहे। पीजीआई ब्लड बैंक के सौजन्य से 36 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया।

### डेबिट कार्ड की शिकायत के बहाने एक लाख ठगे

**रोहतक।** डेबिट कार्ड से संबंधित ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के बहाने करीब 1 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में रोहतक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि देव कॉलोनी निवासी नीरु की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। 5 जुलाई 2022 को कार्ड में देरी होने पर नीरु ने ब्लू डार्ट की वेबसाइट से कस्टमर केयर नंबर सर्च कर कॉल किया। इसके बाद खुद को ब्लू डार्ट कर्मचारी बताकर ठगी की।

## काली स्कॉर्पियो से की थी युवकों को कुचलने की कोशिश

# एमडीयू हिंसा मामला : दो आरोपी गाड़ी सहित दबोचे, एक-एक दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों को काली स्कॉर्पियो से कुचलने की कोशिश, पथराव और लाठीचार्ज की सनसनीखेज घटना में बुधवार शाम को पुलिस ने दो आरोपियों को स्कॉर्पियो गाड़ी सहित गिरफ्तार किया था। जिन्हें बृहस्पतिवार को कोर्ट में पेश कर एक एक दिन के रिमांड पर लिया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को एमडीयू परिसर उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब दो छात्र गुटों के बीच शुरू हुआ आपसी विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पहले यह विवाद बॉयज हॉस्टल के बाहर शुरू हुआ, जहां कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया। कुछ देर बाद मामला शांत हुआ, लेकिन छात्रों को यह राहत ज्यादा देर तक नहीं मिली। बताया जा रहा है कि कुछ समय बाद लॉ विभाग के सामने दोनों गुट एक बार फिर आमने-सामने आ गए। इस दौरान हमला और अधिक संगठित व हिंसक हो गया। आरोप है कि विक्की नामक युवक और उसके साथियों को निशाना बनाकर दूसरे गुट ने दोबारा हमला किया। इसके बाद हालात यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी के बाहर और ज्यादा बिगड़ गए।

गाड़ी व बाइक सवार की जांच करते पुलिस की टीम



### सुरक्षा कड़ी, पुलिस कमांडो तैनात

*रोहतक। एमडीयू परिसर में बुलेटप्रूफ स्कॉर्पियो से मचाए गए तांडव के बाद विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। छात्रों के रोष और छात्र नेता डॉ. प्रदीप देशवाल द्वारा 72 घंटे का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद एमडीयू प्रशासन हरकत में आया। अब सभी मुख्य द्वारों पर पुलिस कमांडो आधुनिक हथियारों के साथ तैनात किए गए हैं। विश्वविद्यालय में प्रवेश केवल आईकार्ड के माध्यम से दिया जा रहा है और सभी वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने छात्रों को सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। डॉ. प्रदीप देशवाल ने अब तक की कार्रवाई को संतोषजनक बताया, लेकिन बुलेटप्रूफ गाड़ी के किसी नेता या प्रभावशाली व्यक्ति से जुड़े होने की आशंका जताई। उन्होंने सरकार से प्रदेश की सभी बुलेटप्रूफ गाड़ियों की कानूनी वैधता की जांच और अवैध वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।*

### ईंट-पत्थर व लाठियों से हमला

इसके बाद गुस्साए छात्रों ने स्कॉर्पियो को घेर लिया और उस पर ईंट-पत्थर व लाठियों से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो बुलेटप्रूफ होने के कारण उसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हालात बिगड़ते देख स्कॉर्पियो सवार युवक मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद मामले की शिकायत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को दी गई थी। वहीं पुलिस ने वीडियो फुटेज, चश्मदीदों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए देर शाम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### टक्कर इतनी तेज कि थी कि युवक हवा में उछलकर दूर जाकर गिरा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूसरे गुट के युवक काली रंग की स्कॉर्पियो लेकर मौके पर पहुंचे और विरोधी छात्रों को जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। टक्कर इतनी तेज थी कि एक युवक हवा में उछलकर दूर जा गिरा, जबकि दूसरा युवक गाड़ी के नीचे आ गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि स्कॉर्पियो को तेज रफ्तार में छात्रों की ओर बढ़ाया गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद अन्य छात्रों ने तुरंत मदद की, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

### आरोपी से की जाएगी पुछताछ

*थाना प्रभारी रोशन लाल ने बताया कि आरोपियों से रिमांड के दौरान घटना में शामिल अन्य युवकों, पुरानी रंजिश, हथियारों के इस्तेमाल और स्कॉर्पियो की भूमिका को लेकर गहन पूछताछ की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, यह विवाद पुरानी रंजिश से भी जुड़ा हो सकता है, क्योंकि विक्की नामक युवक पर करीब एक साल पहले भी गोली चलने की घटना सामने आ चुकी है। पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन इस एंगल से भी जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*



### ऑर्बिट एकेडमी में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नीरजा कुलवंत कलसन एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण तरन्नुम खान के मार्गदर्शन में शिक्षा के उच्च स्तर के लिए प्रसिद्ध ऑर्बिट एकेडमी में एक विशेष नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर उन्हें स्वस्थ व सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विशेष जागरूकता संदेश को शॉर्ट वीडियो क्लिप के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया, जिससे बच्चों को सरल और प्रभावी ढंग से संदेश समझ में आया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता आशुतोष कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा केवल शरीर ही नहीं, बल्कि बुद्धि, व्यक्तित्व और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस अवसर पर अधिवक्ता आशुतोष कौशिक, ऑर्बिट एकेडमी के संचालक अभिषेक, अध्यापिकाएं संतोष व दिव्या सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।




### सैनी स्कूल में एनएसएस शिविर के चौथे दिन सामाजिक सरोकारों से रूबरू हुए स्वयंसेवक

**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा से जोड़ने के उद्देश्य से भिवानी रोड स्थित जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम एवं संस्थान के स्कूल का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को वृद्धों व अनाथ बच्चों के रहन-सहन तथा संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। वृद्धाश्रम में संस्थान से जुड़े अशोक तिवारी ने बताया कि यहां करीब 75 बुजुर्ग निवास कर रहे हैं, जिनकी समुचित देखभाल की जाती है। स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। उन्हें बताया गया कि संस्थान न केवल बुजुर्गों, अनाथ बच्चों व जरूरतमंदों को रहने की सुविधा देता है, बल्कि उन्हें प्यार, सम्मान और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करता है। दोपहर बाद स्वयंसेवकों के लिए भोजन व्यवस्था की गई। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह का माहौल बना रहा। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आरके सैनी ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमन लता, प्रियंका सैनी, रिंकी सैनी, कविता एवं पूजा आदि मौजूद रहे।

### मसूरी एक्सप्रेस को रोहतक तक बढ़ाने की मांग, रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** दिल्ली–रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति ने मसूरी एक्सप्रेस का विस्तार शकूरबस्ती की बजाय रोहतक जंक्शन तक किए जाने की मांग को लेकर रेल मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजा है। समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक द्वारा 12 दिसंबर 2025 को जारी प्रेस नोट के अनुसार गाड़ी संख्या 14041-14042 मसूरी एक्सप्रेस का विस्तार 15 जनवरी 2026 से दिल्ली जंक्शन से शकूरबस्ती तक किया जा रहा है। इसके बाद यह ट्रेन नए नंबर 14341-14342 के साथ शकूरबस्ती से देहरादून के बीच नियमित रूप से संचालित होगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित समय सारिणी के अनुसार मसूरी एक्सप्रेस देहरादून से रात 9.20 बजे चलकर अगले दिन सुबह 7.30 बजे दिल्ली जंक्शन और 8.25 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन शकूरबस्ती से रात 9.20 बजे रवाना होकर 10.25 बजे दिल्ली जंक्शन से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9.05 बजे देहरादून पहुंचेगी।

### केवीएम नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को घोषित किए गए बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में केवीएम नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज की मेधावी छात्रा टिशा ने 420/450 अंक प्राप्त कर बीएससी नर्सिंग में जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं आयुषी ने 417/500 अंक के साथ द्वितीय और अनु ने 415/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस सफलता से कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। कॉलेज की प्राचार्या ज्योति शर्मा ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के निर्देशक कर्मवीर मायना ने भी छात्राओं को आशीर्वाद दिया और आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज का नाम रोशन करेंगी।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में शिक्षा मेले का आयोजन, छात्रों को मिला करियर मार्गदर्शन

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में एक भव्य शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और कैरियर विकल्पों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया, जिसमें छात्रों ने देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। शिक्षा मेले में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, पारुल यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, सुशांत यूनिवर्सिटी, एफडीडीआई यूनिवर्सिटी और अशोक यूनिवर्सिटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों ने उभरते कैरियर विकल्पों, कौशल विकास, कोर्स चयन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग बूथ लगाए गए, जहां छात्रों को ब्रोशर, वर्चुअल टूर और व्यक्तिगत परामर्श की सुविधा मिली। विद्यालय द्वारा आयोजित यह शिक्षा मेला शैक्षणिक अनिश्चितता के दौर में सक्रिय कैरियर मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण बना। उच्च शिक्षा की प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों को व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान कर विद्यालय ने अपनी प्रगतिशील सोच को प्रदर्शित किया।




### हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज ने पेंशनर दिवस मनाया। पेंशनर ने डीएस नाकारा के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद इस वर्ष 80 वर्ष होने वाले पेंशनरों को पट्का व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी पेंशनर ने प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन डीसी सचिन गुप्ता को सौंपा। राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा व राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने संयुक्त बयान में कहा कि डीएस नाकारा द्वारा सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से पेंशन के अधिकार दिलवाए गए। राज्य महासचिव रोशनी हुड्डा व राज्य उपप्रधान धर्मकौर ने कहा कि अब पेंशनरों को इकट्ठा होने की आवश्यकता है। जिला चेयरमैन देबी सिंह देशवाल ने सभी पेंशनरों का धन्यवाद किया। मंच संचालन रोशनी हुड्डा व शमशेर सिंह सिवाच ने किया। इस मौके पर तुहीराम शर्मा, आनंद स्वरूप, ईश्वर सिंह सैनी, धर्मबीर सैनी, रतन सिंह ,राजेंद्र सिंह, करतार सिंह सहारन, आजाद सिंह, सुबे सिंह ,चंद्र सिंह आर्य,अशोक दलाल, रामरति जी, ऋषि देव रोहिल्ला ,छोटूराम,ओ पी जैन, सूरजमल शर्मा, दयानंद सैनी, बिसम्बर भाटिया, रणसिह कादियान, रणधीरसिंह हुड्डा, रामचन्द्र शर्मा ,शमशेर सिवाच, कंवर सिंह रोहिल्ला , राजेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**पहल** ईंधन की बचत के साथ यात्रियों को भी बेहतर और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सकेगी

# वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम, 250 से अधिक डीजल के ऑटो सीएनजी व इलेक्ट्रिक में बदले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की जा रही है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आदेशों के तहत अब तक रोहतक शहर में 250 से अधिक डीजल ऑटो को सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो में परिवर्तित किया जा चुका है। इस कदम से न केवल वायु प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि ईंधन की बचत के साथ-साथ यात्रियों को भी बेहतर और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

इस संबंध में वीरवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कार्यालय में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरटीए सचिव विरेंद्र सिंह ढुल ने की। बैठक में ऑटो चालकों, परिवहन विभाग के अधिकारियों और ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य डीजल ऑटो को पर्यावरण अनुकूल विकल्पों में बदलने की प्रक्रिया को तेज करना और ऑटो चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।



### वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण

आरटीए सचिव विरेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि डीजल वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि सीएनजी और इलेक्ट्रिक ऑटो अपनाने से कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी और शहर की हवा को साफ रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शेष डीजल ऑटो को भी चरणबद्ध तरीके से बहुत जल्द सीएनजी और इलेक्ट्रिक में परिवर्तित किया जाएगा। आरटीए सचिव ने ऑटो चालकों से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने वाहनों को पर्यावरण अनुकूल तकनीक में बदलवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल में ऑटो चालकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है, तभी इसका अपेक्षित परिणाम सामने आ सकेगा। बैठक में मौजूद ट्रैफिक पुलिस प्रतिनिधि ने ऑटो चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑटो चालक यात्रियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें, ताकि शहर की छवि सकारात्मक बने। इसके साथ ही कोहरे के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी ऑटो में रिफ्लेक्टर टेप अनिवार्य रूप से लगाने पर जोर दिया गया, जिससे कम दृश्यता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस बैठक में मोटर व्हीकल ऑफिसर राकेश कक्कड़, परिवहन निरीक्षक जसबीर नरवाल, उप परिवहन निरीक्षक राकेश राणा, प्रदीप इंदौरा, ऑटो प्रधान, ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ऑटो चालक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आशा जताई कि आने वाले समय में यह पहल शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।